# स्टार्टअप की उड़ान, भारत की बड़ी छलांग

**1.92** लाख स्टार्टअप्स, 17.9 लाख से अधिक रोजगार | **2014** में 500 से स्टार्टअप्स थे जो बढ़कर 1.92 लाख हुए | **91** वीं रैंक से 38वें स्थान तक पहुंचा देश | **03** साल में भारत अगले इनोवेशन इंडेक्स में टॉप 10 में

**शाह बोले- युवाओं को मिल रहा नया मंच और अवसर**

**गांधीनगर में स्टार्टअप कॉन्क्लेव में किया ऐलान**



**गांधीनगर, 23 सितंबर. भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम ने दुनिया में अपनी मज़बूत पहचान बना ली है. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गांधीनगर में स्टार्टअप कॉन्क्लेव 2025 में घोषणा की कि भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप हब बन चुका है.**

इस उपलब्धि ने न सिर्फ भारत की नवाचार क्षमता को सिद्ध किया है, बल्कि युवाओं को नौकरी चाहने वाला नहीं, नौकरी देने वाला बना दिया है. गांधीनगर, 23 सितंबर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को स्टार्टअप कॉन्क्लेव 2025 के उद्घाटन सत्र में कहा कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन गया है. उन्होंने बताया कि भारत का नवाचार सूचकांक लगातार सुधार की ओर है, और अगले तीन वर्षों में यह टॉप 10 देशों में शामिल हो जाएगा. शाह ने बताया कि 2014 में जहां भारत में केवल 500 स्टार्टअप थे, वहीं अब 1.92 लाख से अधिक स्टार्टअप पंजीकृत हैं. 120 यूनिकॉर्न्स का संयुक्त बाजार मूल्य 350 बिलियन अमेरिकी डॉलर से भी अधिक है. स्टार्टअप इंडिया अभियान, जिसकी शुरुआत 2016 में प्रधानमंत्री ने की थी, अब स्पष्ट रूप से रंग ला रहा है. 52 प्रतिशत स्टार्टअप टियर-2 और टियर-3 शहरों से हैं और 48 प्रतिशत महिलाएं इनका नेतृत्व कर रही हैं. यह भारत की सामाजिक और आर्थिक समावेशिता को भी दर्शाता है. स्टार्टअप इकोसिस्टम ने अब तक लगभग 17.90 लाख लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया है.

> शाह ने यह भी बताया कि औसतन हर साल 17,000 स्टार्टअप्स पंजीकृत हो रहे हैं, जिनमें से लगभग 9,000 छोटे शहरों से हैं. सरकार द्वारा स्टार्टअप्स को दी जा रही सुविधाओं का भी जिक्र किया गया. इसके अंतर्गत 10,000 करोड़ का फंड ऑफ फंड्स, अधिकतम ऋण सीमा को 10 करोड़ से बढ़ाकर 20 करोड़ करना, और टैक्स में विभिन्न रियायतें शामिल हैं. शाह ने गर्व के साथ कहा कि पिछले चार वर्षों से गुजरात देश का नेतृत्व कर रहा है और यह राज्य स्टार्टअप्स के लिए एक आदर्श मॉडल बन चुका है. एलिवेट, इनोवेट एंड एक्सलरेट जैसे थीम के साथ यह सम्मेलन भारत के नवाचार भविष्य की दिशा को भी इंगित करता है.

# मैंने भारत-पाक समेत 7 युद्ध खत्म कराए

**संयुक्त राष्ट्र महासभा में बोले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप**

**मुझे बिना टेलीप्रॉम्प्टर भाषण देने में कोई आपत्ति नहीं है**



**न्यूयॉर्क 23 सितंबर . संयुक्त राष्ट्र महासभा में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने वर्तमान व्हाइट हाउस रोल और अमेरिका की वैश्विक ताकत पर जोर देते हुए भाषण दिया.**

ट्रंप ने सात युद्धों को रोकने का दावा करते हुए कहा कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान व इजरायल-ईरान के 12-दिन के युद्ध सहित सात अंतहीन युद्धों को समाप्त किया. उन्होंने कहा, काश यह काम संयुक्त राष्ट्र करता, लेकिन मुझे करना पड़ा. ट्रंप रूस यूक्रेन युद्ध पर कहा कि नाटो देश अपने खिलाफ युद्ध को फंड कर रहे हैं. भाषण के दौरान टेलीप्रॉम्प्टर अचानक बंद हो गया, लेकिन ट्रंप ने कहा, मुझे बिना टेलीप्रॉम्प्टर भाषण देने में कोई आपत्ति नहीं है क्योंकि यह काम नहीं कर रहा. जो भी इसे ऑपरेट कर रहा है, उसे बड़ी परेशानी होने वाली है. ट्रंप ने अमेरिका की ताकत व उपलब्धियों का बखान करते हुए कहा अमेरिका के पास अर्थव्यवस्था, सीमाएं, सैन्य शक्ति, मित्रताएं और राष्ट्रीय भावना है.

**यूक्रेन युद्ध को फंडिग कर रहे भारत-चीन**

> ट्रंप ने रूस यूक्रेन युद्ध पर कहा कि नाटो देश अपने खिलाफ युद्ध को फंड कर रहे हैं. उन्होंने भारत-चीन को यूक्रेन जंग में रूस को फंड करने का आरोप लगाया है. कहा कि चीन और भारत रूसी तेल खरीदकर यूक्रेन में युद्ध के प्राथमिक वित्तपोषक हैं. भारत और चीन दोनों यूक्रेन की जंग में प्रमुख निवेशक हैं.ट्रंप ने कहा कि उन्होंने भारत-पाकिस्तान और इजरायल-ईरान के 12-दिन के युद्ध सहित सात अंतहीन युद्धों को समाप्त किया.

# वीडियो सीडी न्यायालय को देने के निर्देश

## पीएम व मां के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग का मामला




**दरभंगा 23 सितंबर. मोदी और उनकी स्वर्गीय माता के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करने के मामले में अदालत में सुनवाई हुई.**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और माता के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करने के आरोप में दर्ज सिमरी थाना कांड सं. 243/25 के नामजद अभियुक्त मोहम्मद नौशाद की अग्रिम जमानत याचिका की सुनवाई करते हुये न्यायधीश ने संबंधित वीडियो सीडी न्यायालय में समर्पित करने का निर्देश दिया. सिमरी थाना क्षेत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी स्वर्गीय माता के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करने के आरोप में दर्ज सिमरी थाना कांड सं. 243/25 के नामजद अभियुक्त मोहम्मद नौशाद की अग्रिम जमानत याचिका सं.1344/25 की सुनवाई सत्र न्यायाधीश शिव गोपाल मिश्र की अदालत में आज हुयी. याचिकाकर्ता की ओर से पटना उच्च न्यायालय के अधिवक्ता मनीष झा एवं स्थानीय वरीय अधिवक्ता इरफानुल रहमान बिस्मिल ने अदालत में बहस किया.

> वहीं अभियोजन पक्ष से बहस के दौरान लोक अभियोजक अमरेंद्र नारायण झा ने जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा कि सुनवाई के लिए घटित घटना का वीडियो सीडी का अवलोकन जरूरत है. कांड के अनुसंधानक से कार्यक्रम स्थल की सीडी की मांग की है. न्यायधीश ने संबंधित वीडियो सीडी न्यायालय में समर्पित करने का निर्देश दिया. गौरतलब है कि राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा के दौरान मो. नौशाद ने पीएम व उनकी मां के खिलाफ आपत्तिजनक शब्द का प्रयोग किया था.

# मानवरहित रिमोट हथियार बहुमुखी प्रतिभा को बढ़ाते हैं : राजनाथ

**राजनाथ ने मोरक्को में टाटा के अत्याधुनिक रक्षा विनिर्माण केन्द्र का उद्घाटन किया**



**नई दिल्ली 23 सितम्बर. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मोरक्को के रक्षा मंत्री अब्देलतीफ लौदी ने मोरक्को के बेरेचिड में टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) के अत्याधुनिक रक्षा विनिर्माण केन्द्र का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया.**

सिंह ने इस अवसर को दोनों देशों के बीच बढ़ रही रणनीतिक साझेदारी में एक ऐतिहासिक क्षण बताया. बीस हजार वर्ग मीटर में फैले इस केन्द्र में स्वदेशी व्हील्ड आर्मर्ड प्लेटफॉर्म (डब्ल्यू एचएपी) का उत्पादन किया जायेगा जिसे टीएएसएल और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन द्वारा संयुक्त रूप से डिजाइन किया गया है. यह एक आधुनिक मॉड्यूलर लड़ाकू प्लेटफॉर्म है जो उन्नत गतिशीलता, सुरक्षा और अलग-अलग तरह के मिशन के अनुकूल है. इसके विन्यास में पैदल सेना लड़ाकू वाहन, बख्तरबंद कार्मिक वाहक, टोही, कमांड पोस्ट, मोर्टार वाहक और यहां तक कि एम्बुलेंस के प्रकार भी शामिल हैं.

# आरोपी बदमाश मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 23 सितंबर.** दक्षिण पूर्वी दिल्ली पुलिस ने एक गैंगस्टर को गिरफ्तार किया है, जिसने बॉलीवुड फिल्म शूटआउट एट लोखंडवाला और उसके माया नामक किरदार से प्रेरित होकर अपना गिरोह बनाया था. यह गिरफ्तारी अमर कॉलोनी में हुई चाकूबाजी और लूट की घटना में उसकी कथित संलिप्तता के बाद एक मुठभेड़ के दौरान हुई. पुलिस उपायुक्त हेमंत तिवारी ने मंगलवार को बताया कि 22-23 सितंबर की रात को सरिता विहार में दिल्ली पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की टीम पर गैंगस्टर सागर उर्फ माया ने गोली चला दी, जिसके जवाबी कार्रवाई में वह पैर में गोली लगने से घायल हो गया. उसे सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है.


# आरटीआई में खुलासा : अयोध्या में प्रस्तावित मस्जिद का प्लान खारिज



**अयोध्या 23 सितंबर. प्रस्तावित मस्जिद के प्लान को विकास प्राधिकरण ने एनओसी लंबित होने के कारण खारिज कर दिया.**

आरटीआई दाखिल करने पर मिले जवाब में यह जानकारी सामने आई. अयोध्या विकास प्राधिकरण ने सरकारी विभागों से अनापत्ति प्रमाणपत्र न मिलने का हवाला देते हुए धन्नीपुर गांव में मस्जिद निर्माण प्लान को खारिज कर दिया है। यह जमीन सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुरूप राज्य सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड को आवंटित की गई थी. आरटीआई के जवाब में एडीए ने 16 सितंबर को लिखे एक पत्र में कहा कि मस्जिद ट्रस्ट ने 23 जून 2021 को आवेदन दिया था, जिसे लोक निर्माण, प्रदूषण नियंत्रण, नागरिक उड्डयन, सिंचाई, राजस्व, नगर निगम और अग्निशमन सेवाओं सहित अन्य विभागों से अनापत्ति प्रमाणपत्र न मिलने के कारण खारिज कर दिया गया। उच्चतम न्यायालय ने 9 नवंबर 2019 को अयोध्या के अरसे पुराने मामले में फैसला सुनाते हुए विवादित स्थल की 2.77 एकड़ जमीन मंदिर बनाने के लिए हिंदू पक्ष को देने का आदेश दिया था.

## एक नजर में



### न्यूयॉर्क में पुलिस ने रोकी फ्रांस राष्ट्रपति की कार

**न्यूयॉर्क, 23 सितंबर.** न्यूयॉर्क पुलिस ने डोनाल्ड ट्रंप के काफिले को रास्ता देने के लिए फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के काफिले को रोक दिया. इस पर फ्रांस के राष्ट्रपति ने तुरंत डोनाल्ड ट्रंप को फोन किया. बता दें कि न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा का 80वां सत्र चल रहा है, जिसमें लगभग 200 राष्ट्राध्यक्ष, प्रधानमंत्री, मंत्री और हजारों राजनयिक शामिल हैं. यूएनजीए में शामिल होने के लिए न्यूयॉर्क पहुंचे फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों का काफिला ट्रैफिक में फंस गया, क्योंकि न्यूयॉर्क पुलिस ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के काफिले को रास्ता देने के लिए उनका काफिला रोक दिया था.

### साय ने किया महतारी सेवा सदनों का लोकार्पण



**धमतरी, 23 सितंबर.** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने धमतरी जिले के ग्राम करेलीबड़ी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में 51 महतारी सदनों का लोकार्पण किया. इस अवसर पर उन्होंने जिले के लिए 245 करोड़ 80 लाख रुपये के विकास कार्यों की भी शुरुआत की. मुख्यमंत्री ने कहा कि महतारी सदन योजना ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. धमतरी जिले में चार ग्राम पंचायतों में महतारी सदन बनाए गए हैं. प्रथम चरण में 202 सदनों के निर्माण के लिए 50 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए थे. इस कार्यक्रम में राज्य भर की दो लाख महिलाओं ने वर्चुअल रूप में हिस्सा लिया. साय ने कहा कि दूसरे चरण में 166 नए महतारी सदन बनाए जाएंगे. यह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत अभियान का हिस्सा है. कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा सहित कई मंत्री और जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे.

### रूस न्यू स्टार्ट संधि को बढ़ाने के लिए तैयार

**नई दिल्ली/मास्को, 23 सितंबर.** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि रूस 2010 में अमेरिका के साथ हुई नई सामरिक शस्त्र न्यूनीकरण संधि (न्यू स्टार्ट) की अवधि को एक और वर्ष के लिए बढ़ाने के लिए तैयार है. यह महत्वपूर्ण संधि अगले साल पांच फरवरी को अपनी मियाद पूरी कर लेगी. राष्ट्रपति पुतिन ने कहा, एक नई सामरिक हथियारों की होड़ को रोकने और एक स्वीकार्य स्तर के अनुमान एवं संयम बनाए रखने के लिए, हम न्यू स्टार्ट के तहत स्थापित यथास्थिति को इस अशांत समय में बनाए रखना उचित समझते हैं. इसके कारण रूस पांच फरवरी, 2026 के बाद एक वर्ष तक संधि के केंद्रीय मात्रात्मक प्रतिबंधों का पालन जारी रखने के लिए तैयार है. उन्होंने कहा कि लगभग 15 वर्षों से इस समझौते ने सामरिक आक्रामक हथियारों के क्षेत्र में संतुलन और पूर्वानुमानशीलता बनाए रखने में रचनात्मक भूमिका निभाई है.

# विकसित भारत बिल्डथॉन से छात्रों में नवाचार को

**नई दिल्ली, 23 सितंबर. केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा है कि विकसित भारत बिल्डथॉन के माध्यम से देश भर के स्कूली छात्रों में नवाचार को बढ़ावा दिया जायेगा.**

प्रधान ने आज यहां विकसित भारत बिल्डथॉन 2025 का शुभारंभ करने के बाद कहा कि यह अब तक का सबसे बड़ा स्कूल हैकथॉन, विकसित भारत बिल्डथॉन, छात्रों को चार विषय-वस्तुओं वोकल फॉर लोकल, आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी और समृद्धि पर विचार करने और उत्पाद का निर्माण करने के लिए प्रोत्साहित करके जमीनी स्तर पर नवाचार की संस्कृति को और सुदृढ़ करेगा. उन्होंने कहा कि यह पहल छात्रों के नवाचार को सम्मानित करेगी, देश में नवाचार पुनर्जागरण का निर्माण करेगी और सुनिश्चित करेगी कि युवा पीढ़ी समृद्धि, विकसित व आत्मनिर्भर भारत के प्रमुख वाहक बनें. बिल्डथॉन का उद्देश्य राष्ट्रीय विकास के लिए रचनात्मक सोच को प्रेरित करना, आत्मनिर्भरता और सतत विकास को बढ़ावा देना, स्कूलों को समन्वित नवाचार में शामिल करना, एक संभावित विश्व रिकॉर्ड के माध्यम से भारत को वैश्विक नवाचार राजधानी के रूप में प्रस्तुत करना और राष्ट्रीय व वैश्विक मंचों पर युवा समस्या-समाधानकर्ताओं का सम्मान करना है.

# 23 महीने बाद जेल से रिहा हुये आजम



**सीतापुर 23 सितंबर.** समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री मोहम्मद आजम खान 23 महीने का लंबा समय कारागार में बिताने के बाद मंगलवार को सीतापुर जेल से रिहा कर दिये गये. जेल से बाहर आने के बाद आजम अपने दो बुटों अब्दुल्लाह आजम और अजीब आजम के साथ कार में बैठ कर रामपुर के लिये रवाना हो गये. इस दौरान उन्होने पत्रकारों के किसी भी सवाल का जवाब नहीं दिया.

# नीतीश ने किया 311 योजना का शिलान्यास

**627.79 करोड़ रुपये की लागत से होंगे कार्य**

**योजनाओं का शिलापट्ट अनावरण किया**


**पटना, 23 सितंबर. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश ने मंगलवार को पूर्वी चम्पारण जिले में 627.79 करोड़ रुपये लागत की 311 योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया.**

कुमार ने पूर्वी चम्पारण जिला अंतर्गत महावीर विष्णु (2) विद्यालय, सेमरा के परिसर में आयोजित कार्यक्रम स्थल से 627.79 करोड़ रुपये लागत की 311 योजनाओं का शिलापट्ट अनावरण कर रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया. इसके अंतर्गत 145.30 करोड़ रुपये की लागत से 294 योजनाओं का उद्घाटन एवं 482.88 करोड़ रुपये की लागत से 17 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है. इन योजनाओं में प्रगति यात्रा के दौरान की गयी घोषणाओं का शिलान्यास भी शामिल है.

> इनमें स्वास्थ्य विभाग, बिहार राज्य पुल निगम लिमिटेड, कार्य प्रमंडल, पूर्वी चंपारण (मोतिहारी), बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, ग्रामीण विकास विभाग (लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान योजना अंतर्गत अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई), पथ निर्माण विभाग ( पथ प्रमंडल, मोतिहारी), जल संसाधन विभाग, पंचायती राज विभाग, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल - 01, मोतिहारी, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल 02, पकड़ीदयाल, शिक्षा विभाग, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, पर्यटन विभाग एवं ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण विकास योजनाएं शामिल हैं. मुख्यमंत्री कुमार ने महावीर विष्णु (2) विद्यालय, सेमरा परिसर में लाभुकों के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित पेंशनधारी लाभुकों, जीविका दीदियों, आंगनबाड़ी सेविका / सहायिका सहित अन्य लाभुकों के साथ संवाद किया.



# फिलीस्तीन को मिली बतौर राष्ट्र मान्यता



**संयुक्त राष्ट्र, 22 सितंबर. फ्रांस, बेल्जियम और कुछ अन्य यूरोपीय देश फलिस्तीन को बतौर राष्ट्र की मान्यता देने वाले देशों की बढ़ती सूची में शामिल हो गए हैं.**

फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की एक उच्च-स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए कहा, आज, फ्रांस फलिस्तीन राज्य को मान्यता देता है. श्री मैक्रों ने चेतावनी देते हुए कहा, हमें इस बात का डर है कि इजरायल अब्राहम समझौते और कैंप डेविड समझौते पर सवाल उठा सकता है. उन्होंने द्वि-राष्ट्र समाधान की संभावना को बनाए रखने क्षमता अनुसार प्रयास करने की जरुरत पर बल दिया, जिससे इजरायल-फलिस्तीन शांति और सुरक्षा के साथ-साथ रह सकें.

> बैठक फिलीस्तीन समस्या के द्वि-राष्ट्र समाधान पर बुलाई है. इस सम्मेलन की सह-अध्यक्षता पहले दिन फ्रांस और सऊदी अरब ने की. इसी बैठक में माल्टा, मोनाको और लक्ज़मबर्ग ने भी फलिस्तीन को मान्यता देने की घोषणा की, जिससे ऐसा कदम उठाने वाले देशों की संख्या 150 से ज्यादा हो गई. सऊदी विदेश मंत्री फ़ैसल बिन फ़रहान अल सऊद ने कहा कि द्वि-राष्ट्र समाधान न्यायसंगत और स्थायी शांति प्राप्त करने का एकमात्र तरीका है. फ्रांस फ्रांस और कई अन्य देशों द्वारा फलिस्तीन को मान्यता देना, फिलिस्तीन लोगों को न्याय देने अधिकारों पर विचार करने की इच्छा को दर्शाता है.

## आज का इतिहास

1688 - फ्रांस ने जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।

1726 - ईस्ट इंडिया कंपनी को बम्बई, कलकत्ता और मद्रास में नगर निगम और महापौर अदालतों को बनाने के लिए अधिकृत किया गया।

1789 - अमेरिका में अटॉर्नी जनरल का कार्यालय बनाया गया।

1861 - प्रसिद्ध भारतीय महिला क्रांतिकारी भीकाजी कामा का जन्म।

# वोट काटने की रची साजिश!

**नई दिल्ली 23 सितंबर.** सीट पर अरविन्द केजरीवाल की हार को लेकर बड़ा सवाल उठ रहा है. काव्या नाम की एक यूजर ने रिपोर्ट और इंटरव्यू शेयर कर दावा किया कि जानबूझकर वोट काटे और जोड़े गए ताकि केजरीवाल हारे. उन्होंने इसे लोकतंत्र के साथ मजाक बताया और इस पर गंभीर बहस छिड़ गई है. नई दिल्ली लोकसभा सीट पर अरविन्द केजरीवाल की हार अब राजनीति और सोशल मीडिया में गहन बहस का विषय बन गई है. इस सीट पर हुई चुनावी हार के बाद आरोप लग रहे हैं कि पूरे चुनाव में वोट काटने और जोड़ने का सुनियोजित खेल खेला गया. दरअसल, सोशल मीडिया यूजर काव्या ने एक रिपोर्ट और इंटरव्यू शेयर करते हुए दावा किया कि अरविन्द केजरीवाल को हराने के लिए विपक्षी दलों ने रणनीति के तहत वोटों का बंटवारा कराया.


## मांग नोटिस

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) की धारा 13(2) के साथ प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (उक्त नियम) के नियम 3(1) को पढ़ें। उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ उक्त नियमों के नियम 3 को पढ़ें के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (आईआईएफएल एचएफएल) (जिसे पहले इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत डिमांड नोटिस जारी किया है, जिसमें उधारकर्ता(ओं) से उनको जारी किए गए संबंधित डिमांड नोटिस में उल्लिखित राशि को चुकाने के लिए कहा गया है। उपरोक्त के संबंध में, उधारकर्ता(ओं) को एक बार फिर से नोटिस दिया जाता है कि वे इस नोटिस के प्रकाशन से 60 दिनों के भीतर नीचे इंगित राशियों का भुगतान करें उधारकर्ता(ओं) का विवरण, डिमांड नोटिस की तिथि तक देय राशि और ऋण राशि के पुनर्भुगतान के लिए दी जाने वाली सुरक्षा निम्नानुसार है:-

| उधारकर्ता/गारंटर का नाम | मांग नोटिस दिनांक और राशि | सुरक्षित परिसंपत्ति (अचल संपत्ति) का विवरण |
|---|---|---|
| श्रीमती नेहा गौर, श्री मनोज गौर, (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10960532) | 13/08/2025 और रु. 2988155/- (उनतीस लाख अठासी हजार एक एक सौ पचपन मात्र) | संपत्ति का वह पूरा हिस्साः प्लॉट संख्या 19 का उत्तरी भाग, समर्थ वाटिका, गाँव नानोद, तहसील मल्हारगंज, जिला इंदौर, मध्य प्रदेश, 452001, भारत क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि क्षेत्रफल, कालीन क्षेत्रफल, निर्मित क्षेत्रफल, संपत्ति क्षेत्रफलः 500.00, 489.00, 489.00 |
| श्री कमलेश गोस्वामी, सांवरिया कलेक्शन, श्रीमती अपेक्षा गोस्वामी, (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10570022) | 13/08/2025 और रु. 3934223.68/- (उनतीस लाख चौंतीस हजार दो सौ तेईस और अड़सठ पैसे मात्र) | संपत्ति का वह पूरा हिस्साः मकान संख्या 61 का हिस्सा, बंगला संख्या 46, सीआरपीएफ रोड, नीमच, मध्य प्रदेश, 458441 - भारत। क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि क्षेत्रफल, कालीन क्षेत्रफल, निर्मित क्षेत्रफल, संपत्ति क्षेत्रफलः 769.00, 1230.00, 1538.00 |
| श्री तनवर, पटेल क्लिनिक, श्रीमती अर्बिना बी, (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10621203) | 13/08/2025 और रु.1082819/- (दस लाख व्यासी हजार आठ सौ उन्नीस मात्र) | संपत्ति का वह पूरा हिस्साः मकान संख्या 87, पी.एच.एन. 82, ग्राम-खोकरिया, उज्जैन, मध्य प्रदेश, 456001-भारत। क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमिक्षेत्र, निर्मितक्षेत्र। संपत्ति का क्षेत्रफलः 1440.00, 1440.00, 1440.00 |

यदि उक्त उधारकर्ता आईआईएफएल एचएफएल को पूर्वोक्त भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो आईआईएफएल एचएफएल उक्त अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अंतर्गत उपरोक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों के विरुद्ध कार्यवाही कर सकता है, जिसका जोखिम, लागत और परिणाम पूरी तरह से उधारकताओं के ही होंगे। अधिक जानकारी के लिए कृपया शाखा कार्यालय के प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें: प्रथम तल, 29 निकास चौराहा, अंकपथ मार्क, नई सड़क उज्जैन (मध्य प्रदेश)-456001/102/103, दर्शन मॉल, 15/2 रेसकोर्स रोड, इंदौर-452001, मध्य प्रदेश या कॉर्पोरेट कार्यालयः आईआईएफएल टावर, प्लॉट संख्या 98, उद्योग विहार, फेज-IV गुड़गांव, हरियाणा।

स्थानः इन्दौर
दिनांकः 24.09.2025

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी
आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड के लिए



## कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति जावरा जिला रतलाम (म.प्र.)

क्रमांक /मण्डी/स्टोर/2025-26/1333 जावरा, दिनाक 22.09.2025

### कोटेशन आमंत्रण सूचना

सर्वसम्बधितों को सूचित किया जाता है कि कृषि उपज मण्डी समिति जावरा के मण्डी/उपमण्डी प्रांगणों के नीलाम क्षेत्रों, कव्हर्ड शेडों में रोड मार्का पेंट से पट्टे डलवाने एवं चुने के कट्टे की दरें आमंत्रित की जाती हैं, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | सामग्री एवं कार्य का विवरण | दर |
|---|---|---|
| 1. | यलो कलर रोड मार्का प्रति ड्रम (20 लीटर) की दर | |
| 2. | तारपीन प्रति लीटर की दर | |
| 3. | अन्य आवश्यक सामग्री | |
| 4. | प्रति नग ड्रम से पट्टे डालने की मजदुरी की दर | |
| 5. | चुना कट्टा (30 किलो) प्रति कट्टे की दर | |

अतः इच्छुक व्यक्ति/फर्म उपरोक्तानुसार सामग्री एवं कार्य हेतु 01 वर्ष की समयावधि के लिए अपने भाव पत्र सीलबन्द लिफाफे में दिनांक 13.10.2025 समय सायं 5.30 बजे तक कृषि उपज मण्डी समिति जावरा के अरनियापीथा कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, जो दिनांक 14.10.2025 को समय दोपहर 2.00 बजे समक्ष में खोलें जावेंगे। सशर्त भाव पत्रक/कोटेशन मान्य नही किये जावेंगे। न्यूनतम दर वाले ही भाव पत्र/कोटेशन मान्य किये जायेंगे। दर स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार मण्डी समिति को रहेगा, जिसका कारण बताने हेतु बाध्य नहीं होगी। विलम्ब से प्राप्त भाव पत्र/कोटेशन मान्य नहीं किये जायेंगे। कार्य की आवश्यकता अनुसार आगामी वर्ष के लिए आपसी सहमति से पूर्व स्वीकृत दर पर भी कार्य की अवधि बढ़ाई जा सकती है। किसी भी प्रकार के वाद विवाद में अंतिम निर्णय अधोहस्ताक्षरी / मण्डी समिति के पास सुरक्षित रहेगा।

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति जावरा
जिला-रतलाम (म.प्र.)



**PROFORMA NO. IV**
[See Sub Rule 2(A) of Rule 5]

**Summon/Notice Through News Paper Publication** under subsetion (4) of section 19 of the Act, read with sub rule 2A of rule 5 of the Debts Recovery Tribunal (procedure) rules 1993

**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL, JABALPUR**

2nd & 3rd FLOOR, BSNL BUILDING, NEAR HEAD OFFICE POST OFFICE CIVIL LINES, JABALPUR (M.P.) 482001

DATE ____________

**HDFC Bank Limited**
HDFC Bank House,
Senapati Bapat Marg, Lower Parel (West) Mumbai- 400013
**Branch office amongst other places at**- HDFC Bank Ltd., Savitri, 597-3/2 GCF Road, Civil Lines, Near RTO Office, Jabalpur, (M.P.)- 482001
Through its authorized officer : **Mr. Ashish Rawat**

**APPLICANTS**

**-VERSUS-**

1. **M/S BUBBLES PLAST PRUDUCTS THROUGH IT'S PARTNERS MR. SANGAM NAGAR AND MR. DINESH NAGAR,**
   **ADD:** 129, BARDANA MANDI PALDA, INDORE (M.P.) 452001
   **Also at** - 39/3, PALSIKAR COLONY, BABAL MANDIR ROAD, INDORE (MP) 452001 **(BORROWER)**
2. **MR. SANGAM NAGAR S/O- MR. DINESH NAGAR**
   **ADD:** 129, BARDANA MANDI PALDA, INDORE (M.P.) 452001
   Also at - 39/3, PALSIKAR COLONY, BABAL MANDIR ROAD, INDORE (MP) 452001 **(PARTNER/MORTGAGOR)**
3. **MR. DINESH NAGAR, S/O MAGANLAL NAGAR**
   **ADD:** 129, BARDANA MANDI PALDA, INDORE (M.P.) 452001
   Also at - 39/3, PALSIKAR COLONY, BABAL MANDIR ROAD, INDORE (MP) 452001 **(PARTNER/MORTGAGOR)**

**DEFENDANTS**

Whereas, **O.A. No./479/2024** was listed before Hon'ble Presiding Officer on **Dt.- 29/04/2024.**

Whereas, the Hon'ble Tribunal is pleased to issue summons/notice on the said application under section 19(4) of the Act, filed against you recovery of debts of **Rs.27,11,168.95/-** with expenses and future interes (application along with copies of the documents etc. Annexed)

In accordance with sub-section (4) of section 19 of the Act, you the defendants are directed as under:-

(i) To show Cause within 30 days of the service of summons as to why relief prayed for should not be granted.
(ii) To disclose particulars of properties or assets other than properties and assets specified by the applicant under Serial No. 3A of the Original Application.
(iii) You are restrained from dealing without disposing of secured assets or such other assets and properties disclosed under Serial No. 3A of the Original Application, pending hearing and disposal of the application for attachment of properties.
(iv) You shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of his business any of the assets over which security interest created and/or other Assets and properties specified or disclosed under Serial number 3A of the Original Application without the prior approval of the Tribunal.
(v) You shall be liable to account for the sale proceeds realised by the sale of securities assets or other Assets and properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with the bank of financial institutions holding security interest over such assets.

You are also directed to file the **return** statement with a copy there of furnished to the applicant and to appear before Registrar on **Dt.- 23/12/2025 at 10:30 a.m.** failing which the application shall be heard and decided in your absence.

Give under my hand and Seal of the Tribunal on this **19th August day of 2025**.

**Registrar**
**Debts Recovery Tribunal, Jabalpur**